आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 20.08.2024 समय : 18.30 पीएम

- सर्वोच्च न्यायालय ने कोलकाता में डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले की सुनवाई की–चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय कार्यबल का गठन।
- केन्द्र सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग – यूपीएससी को नौकरशाही में लैट्रल एंट्री से संबंधित विज्ञापन को रद्द करने के निर्देश दिए
- राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के नगरीय निकायों में रिक्त हुए पदों पर उपचुनाव के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित किया।
- प्रदेश में आज कहीं–कहीं हल्की तो कहीं तेज बरसात – कल कोटा, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर, बीकानेर और जोधपुर संभागों में बारिश का पुर्वानुमान।

000

सर्वोच्च न्यायालय ने स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय कार्यबल गठित किया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चन्द्रचूड के नेतृत्व वाली खंडपीठ ने कोलकाता के अस्पताल में एक डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले की सुनवाई के दौरान कार्यबल से तीन सप्ताह के भीतर अपनी अंतरिम और दो महीने के भीतर अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायधीश ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अदालत देशभर से डॉक्टरों का एक राष्ट्रीय कार्यबल सृजित कर रही है। ये कार्यबल ऐसे दिशा–निर्देशों की सिफारिश करेगा, जो पूरे देश में लागू होंगे। देशभर के डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मियों के असुरक्षित कामकाजी माहौल पर चिन्ता व्यक्त करते हुए न्यायालय ने कहा कि वर्तमान कानून डॉक्टरों की सांस्थानिक सुरक्षा को सही प्रकार से व्यक्त नहीं करते हैं।

000

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अस्पतालों में सुरक्षा बढाने के लिए केंद्र सरकार के अस्पतालों और संस्थानों के सभी प्रमुखों को पत्र लिखा है। इस पत्र में मंत्रालय ने प्रवेश, निकासी, गलियारे, तथा संवदेनशील क्षेत्रों सहित प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए हैं। आपात स्थितियों में तत्काल कार्रवाई के लिए एक नियंत्रण कक्ष भी स्थापित करने को कहा गया है। पत्र में यह भी कहा गया है कि उचित निगरानी, गश्ती और अस्पताल परिसरों की निगरानी के लिए पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड की तैनाती की जानी चाहिए। मंत्रालय ने बताया कि अधिकृत कर्मचारियों को प्रवेश और निकास द्वार पर कडी निगरानी के बाद अनुमति दी जानी चाहिए।

ड्यूटी के दौरान अस्पताल के सभी कर्मचारियों के लिए पहचान पत्र दिखाए जाने को अनिवार्य किया जाना चाहिए। महिला स्वास्थ्य सेवा कर्मियों के कार्यक्षेत्रों, पार्किंग क्षेत्र और प्रवेश द्वार पर प्रकाश की उचित व्यवस्था की जानी चाहिए। रात में दो महिला स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती करने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

000

केन्द्र सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग – यूपीएससी को नौकरशाही में लैट्रल एंट्री से संबंधित विज्ञापन को रद्द करने के निर्देश दिए हैं। हाल ही में यूपीएससी ने केंद्रीय मंत्रालयों में 45 संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिवों को नियुक्त करने से संबंधित एक विज्ञापन जारी किया था। विपक्षी पार्टियों ने इस विज्ञापन पर प्रश्न उठाए थे।

केंद्रीय मंत्री डॉ.जितेन्द्र सिंह ने यूपीएससी की अध्यक्ष प्रीति सूदन को लिखे पत्र में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि लैट्रल एंट्री की प्रक्रिया संविधान में समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धातों विशेषकर आरक्षण के प्रावधानों के अनुरुप होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक रोजगार में आरक्षण सरकार के सामाजिक न्याय ढांचे का एक महत्वपूर्ण भाग है।

000

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एस.सी.–एस.टी आरक्षण के संबंध में पिछले दिनों दिये गये निर्णय को लेकर कुछ संगठनों की ओर से कल भारत बंद का आहवान किया गया है। इसके मद्देनजर जयपुर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है।

सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों के जरिए पुलिस ने अपना संदेश लोगों तक पहुंचाया है, और शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने को लेकर विभिन्न संगठनों से बातचीत की है। इस सिलसिले में डीग जिला कलेक्टर श्रुति भारद्वाज और जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा ने सभी संगठनों को एक दूसरे का सहयोग कर सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी थाना प्रभारियों और पुलिस अधिकारियों को अवांछित गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिये। बालोतरा जिला कलेक्टर सुशील कुमार यादव ने वी.सी. के माध्यम से जिले के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को मुख्यालय पर उपस्थित रहने के आदेश दिये हैं। उन्होंने सभी उपखण्ड अधिकारियों से सोशल मीडिया गतिविधियों पर लगातार नजर रखने को कहा है और भ्रामक तथ्यों, अफवाहों के संबंध में तत्काल अवगत करवाने के निर्देश दिये हैं। जिला कलेक्टर ने व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर प्रस्तावित बंद के दौरान शांति बनाये रखने की अपील की। उन्होने विभिन्न संगठनों से आह्वान किया कि वे रैली को शान्तिपूर्ण और निर्धारित रूटचार्ट के अनुसार संचालित करें।

000

राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के नगरीय निकायों में रिक्त हुए पदों पर उपचुनाव के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी और सचिव संचिता बिश्नोई ने बताया कि प्रदेश के 11 जिलों बारां, बीकानेर, चित्तौड़गढ़, चूरू, दौसा, धौलपुर, जालौर, गंगापुर सिटी, कोटा, श्रीगंगानगर एवं अनूपगढ़ के कुल 12 नगर निकायों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य के रिक्त पदों के लिए उपचुनाव होंगे।

000

प्रदेश में राज्यसभा की एक सीट के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए नामांकन का कल अंतिम दिन है। इस सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अभी तक अपना प्रत्याशी तय नहीं किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि सिम्बल आ गया है और जल्द ही राज्यसभा प्रत्याशी का नाम भी तय कर लिया जाएगा। भाजपा प्रत्याशी कल नामांकन भरेंगे।

इस बीच, कांग्रेस ने इस राज्यसभा उप चुनाव के लिए उम्मीदवार नहीं उतारने का ऐलान किया है। पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने आज जयपुर में मीडिया को बताया कि राज्यसभा उपचुनाव में कांग्रेस अपना उम्मीदवार नहीं उतारेगी। भारतीय जनता पार्टी के पास इसको जीतने के लिए पर्याप्त बहुमत है। कांग्रेस की ओर से उम्मीदवार नहीं उतारने की स्थिति में भाजपा प्रत्याशी के निर्विरोध निर्वाचित होना लगभग तय माना जा रहा है।

000

भारतीय जनता पार्टी राज्य में एक सितम्बर से व्यापक सदस्यता अभियान शुरू करने जा रही है। इस अभियान के तहत प्रदेश में एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर आज जयपुर में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें इस अभियान की रणनीति को अंतिम रूप दिया गया।

सदस्यता अभियान के संयोजक अरूण चतुर्वेदी ने आज मीडिया से बातचीत में बताया कि प्रदेश में 51 हजार बूथ पर 200–200 सदस्य बनाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि इस अभियान के लिए हर स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित की जायेंगी। एक सितम्बर को प्रधानमंत्री इस अभियान का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद चार और पांच सितम्बर को इस अभियान को जिला स्तर पर शुरू किया जायेगा।

000

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती आज देशभर में सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई। प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम हुए। पाली में पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनकी तस्वीर पर पुष्प चढ़ा कर श्रद्धांजलि दी। जिला कांग्रेस कमेटी दौसा की ओर से कांग्रेस कार्यालय में भारत रत्न श्री गांधी की जयंती पर कार्यकर्ताओं ने उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किये। हनुमानगढ़ टाउन में 'राजीव गांधी के दर्शन' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। शाहपुरा में विभिन्न संगठनों की ओर से श्रद्धांजलि सभा सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए। बीकानेर में इस अवसर पर शहर और देहात जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से स्मरण सभा और पुष्पांजलि के कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। भरतपुर में कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में श्री गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया ।

000

राज्य में पिछले 24 घंटों में कहीं—कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश हुई। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार सबसे ज्यादा 13 सेंटीमीटर बारिश अलवर के बानसूर में हुई। चूरू के राजगढ़ में 10 सेंटीमीटर, बहरोड़ में 9, मंडावर, खैरथल, बहादुरपुर और भरतपुर के भुसावर में 8—8 सेंटीमीटर पानी बरसा। इस बीच, राजधानी जयपुर में आज कुछ हिस्सों में तेज तो कहीं बूंदाबांदी के समाचार हैं। नीमका थाना में आज दोपहर बाद तेज बारिश हुई जिससे आमजन को राहत मिली है। इधर दौसा में भी मूसलाधार बारिश हुई जिससे शहर के निचले इलाकों में पानी भर गया। मौसम केन्द्र के अनुसार कल कोटा, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर, बीकानेर और जोधपुर संभागों में कहीं—कहीं बारिश होने का पुर्वानुमान जताया है।

000

प्रमुख शासन सचिव कृषि और उद्यानिकी वैभव गालरिया की अध्यक्षता में आज पंत कृषि भवन में विभागीय बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्री गालरिया ने कहा कि योजनाओं के विभागीय प्रभारी बजट योजनाओं के क्रियान्वयन की गति को और बढाये जिससे ज्यादा से ज्यादा कृषकों को लाभ पहुंचाया जा सके।

उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम छोर पर बैठे किसान तक पहुंचना सुनिश्चित होना चाहिए जिससे कृषकों की आर्थिक स्थिति और अधिक सुदृढ़ हो सकेगी। बैठक में वरिष्ठ अधिकारी और योजनाओं के प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्राकृतिक आपदाओं के कारण मृतकों की संख्या कम करने के लिए देश की पूर्वानुमान प्रणाली को सरल और अधिक सटीक बनाने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने राष्ट्रपति भवन में आज राष्ट्रीय—भू—विज्ञान पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि सभी भूस्खलन संभावित राज्यों में पूर्व चेतावनी देने वाले बुलेटिन जारी करने के लिए राष्ट्रीय भूस्खलन पूर्वानुमान केंद्र कोलकाता में स्थापित किया जा रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए खनिज उत्पादन में भारत को आत्मनिर्भर बनना होगा। उन्होंने 12 श्रेणियों में 21 भू—वैज्ञानिकों को राष्ट्रीय भू—विज्ञान पुरस्कार प्रदान किए।

000